# 8 हँसना मना है।

चुटकुले हास्य एवं व्यंग्य विनोद का एक सशक्त माध्यम है। चुटकुले का प्रमुख गुण यह होता है कि उनका स्वरूप छोटा और संवाद छोटे-छोटे होते हैं। चुटकुले पढ़ने और सुनने से हमारा तनाव दूर होता है। इस दृष्टि से चुटकुले तनाव दूर करने का सशक्त माध्यम है।

(1) चूहा हाथी के पास गया और बोला, ''हाथी दादा, हाथी दादा। क्या आप मुझे आपकी लूँगी दो दिन के लिए दोगे?''

**हाथी :** तुम उसका क्या करोगे?

**चुहा :** मेरे बेटे की शादी है, उसमें तंबू लगाना है।

(2)




(3) **ग्राहक** – आपके पास टूथ ब्रश है?

**दुकानदार** – ब्रश नहीं है, पेस्ट है।

**ग्राहक** – अच्छा, आपके पास पाउड़र होगा?

**दुकानदार** – पाउड़र नहीं है, क्रीम है।

**ग्राहक** – क्रीम नहीं चाहिए। टॉर्च मिलेगी?

**दुकानदार** – वह तो कल ही खत्म हो गई। मोमबत्ती है।

**ग्राहक** – खैर ताला तो होना ही चाहिए।

**दुकानदार** – है, दूँ?

**ग्राहक** – जी नहीं, उसे अपनी दुकान पर लगाकर आप घर पर आराम कीजिए।

(4)




(5) तीन दोस्त आपस में गप-शप कर रहे थे। प्रश्न हुआ कि किसी दिन सोकर उठने पर हमको यह पता चले कि हम लखपति बन गये हैं तो हम क्या करेंगे?

**एक ने कहा** – हम तो सीधे पैरिस जायेंगे और खूब मजे करेंगे।

**दूसरे ने कहा** – मैं किसी लाभप्रद कारोबार में रुपया लगाऊंगा।

**तीसरा बोला** – मैं तो फिर सोने की कोशिश करुँगा और तब तक सोता रहूँगा जब तक करोड़पति न बन जाऊँ।

(6)



(7) **प्रश्न** – रेल किराया इतना अधिक बढ़ जाने पर भी यात्रियों की संख्या में वृद्धि हो रही है। इसका कारण बताइए।

**उत्तर** – इसका कारण यह है कि हर एक आदमी यही सोचता है कि अगले साल किराया और बढ़ जाएगा इसलिए अभी यात्रा कर ली जाए।

(8) शिक्षक ने सभी छात्रों को घास खाती हुई गाय का चित्र बनाने को कहा। सभी छात्र चित्र बना रहे थे, कल्पेश ने अपना पन्ना कोरा छोड़ दिया।

**शिक्षक** – कल्पेश, इस चित्र में घास कहाँ है?

**कल्पेश** – घास को तो गाय खा गई।

**शिक्षक** – अच्छा, तो गाय कहाँ है?

**कल्पेश** – वह तो घास खाकर चली गई।

(9)




## अभ्यास

**प्रश्न 1. हर एक छात्र को कक्षा में मनपसंद चुटकुला सुनाने का मौका दीजिए।**

**प्रश्न 2. कोई ऐसा प्रसंग सुनाइए जब आप खूब हँसे हों।**

**प्रश्न 3. पाँच चुटकुले बनाकर सुनाइए।**

## स्वाध्याय

**प्रश्न 1. मातृभाषा में अनुवाद कीजिए :**

(1) एक साहब टैक्सी में बैठे और ड्राइवर से बोले – जरा तेज़ चलो वरना मेरा चित्रहार निकल जाएगा।

ड्राइवर बोला – अगर मैं ज्यादा तेज़ चला तो कहीं ऐसा न हो कि आपके और मेरे चित्रों पर हार चढ़ जाए।

(2) शिक्षक मोहन से – मोहन, ताजमहल कहाँ पर है?
मोहन ने कुछ उत्तर नहीं दिया सो शिक्षक ने उसे बेंच पर खड़ा कर दिया। मोहन बेंच पर खड़े होकर, साहब यहाँ पर से भी नहीं दिखाई देता।

**प्रश्न 2. राष्ट्रभाषा में अनुवाद कीजिए :**

(1) **રમેશ :** આવી જિંદગી કરતાં તો મોત સારું.
(અચાનક યમદૂત આવી ગયા... અને બોલ્યા, તારો જીવ લેવા માટે મને આદેશ મળેલો છે.)
**રમેશ :** લો, બોલો...! હવે તો માણસ મજાક પણ નહીં કરી શકે શું ?

(2) બ્રિજેશભાઈ બસમાં ઊભા રહીને મુસાફરી કરી રહ્યા હતા. એક મુસાફરે તેમને બેસવા માટે જગ્યા કરી આપી.
બ્રિજેશભાઈ : મારે બેસવું નથી. મારે ખૂબ ઉતાવળ છે.

## योग्यता विस्तार

**प्रकल्प कार्य (Project work) : चुटकुला संग्रह**

- दूरदर्शन / चैनल पर प्रसारित हो रहे हास्य कार्यक्रम को देखिए जैसे-'गम्मत गुलाल', 'तारक महेता का उलटा चश्मा' आदि।
- रेडियो पर प्रसारित चुटकुले / हास्य-प्रसंग / मज़ेदार कहानियाँ सुनिए।
- अखबार, पत्रिकाओं आदि में से कार्टून चित्र काटकर उनका संग्रह बनाइए।
- व्यंग्य चित्रों को अपनी पाठशाला के बुलेटिन बोर्ड पर प्रदर्शित कीजिए।
- 'हास्य दरबार' कार्यक्रम का आयोजन कीजिए।